

दैनिक

राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, झांसी, एटा,औरैया, अमेठी,बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

राजीव गांधी वार्ड-२ स्वच्छता अभियान मे लखनऊ मे प्रथम

राष्ट्रीय प्रस्तावना

लखनऊ। राजीव गांधी वार्ड.2 मे, स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चार/सेक्टरो मे विभाजित किया गया था तथा प्रत्येक सेक्टर मे सफाई कर्मियो को प्रोत्साहित कर कार्य का संचालन कराया गया । उनके अधिकाधिक प्रयास के फलस्वरूप,आज हम इस कार्य मे लखनऊ के सभी वार्डो मे से इस वार्ड को एक उदाहरण के रूप मे प्रस्तुत कर सके । इस कार्य मे हमारे अपने राजीव गांधी वार्ड-2 के मा0 पार्षद,श्री अरुन तिवारी जी के दिशा.निर्देश व वार्ड के सभी प्रोत्साहन समिति के पदाधिकारियो तथा सफाई कर्मियो के अथक प्रयासो के लिये उन्हे बधाई देना चहाता हू । इस कार्य को सम्पादित कराने के लिये नियमित रूप से बैठक की जाती रही है और कुछ विंदुओ पर विशेष ध्यान दिया जाता रहा है जिससे वार्ड के सभी निवासियो को जहा सफाई के लिये भी प्रेरित किया गया वही उनके स्वास्थ्य को विशेष ध्यान देते हुये कागज के टुकडे फलो के छिलके अन्य अपशिष्ट सामग्री को भी एक स्थल पर ही रखने की सलाह दिया गया । इससे जगह.जगह पर कूडे न फैलने की स्थिति मे काफी सुधार हुआ । वार्ड के पार्कों मे भी विशेष ध्यान दिया गया उनमे जहा मौसमी फूल के पौधारोपड व बडे पौधो का रोपड कराया गया वही इस कार्य से प्रदूषण रोकने मे भी काफी सुधार रहा । जाडे के शुरुयात मे ही धूल व धुऑ से निजात दिलाने के लिये वार्ड के निवासियो को प्रेरणा दी गई कि वह अपने घरो के आस.पास पानी के फुहार से ऐसे विषाक्त कडो को वायु.मंडल से हटाकर जमीन पर पहुचा दे जिससे प्रदूषित पर्यावरण के धुंध के कारण सास आदि लेने मे कठिनाई न हो । सफाई कर्मियो को एक नगर निगम का पट्टा तथा ट्राली मे भी नगर निगम की पेंटिंग कराकर इस सफाई योजना को अभियान स्वरूप चलाकर लोगो मे जागरूकता पैदा किया गया । सफाई व अपशिष्ट को निरंतर 6: 30 बजे सुबह से लेकर दोपहर तक दिन.प्रतिदिन कार्यरूप दिया गया तथा अनावाश्यक होर्डिग आदि को भी सडक के पास से हटवाकर पैदल चलने वालो को सुविधा प्रदान की गई । मै डा0 भरत राज सिह, अध्यक्ष, स्वच्छता अभियान प्रोत्साहन समिति, राजीव गांधी वार्ड .2, सभी निवासियो सफाई कर्मचारियो तथा उनके निरीक्षकगणो को हृदय से इस सराहनीय कार्य हेतु बधाई देता हू तथा विशेषकर मा0 पार्षद श्री अरुण तिवारी जी का आभार व्यक्त करता हू जिनके दिशा.निर्देश मे यह सराहनीय कार्य सम्पन्न हुआ ।